वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स

हाल ही में चीन के चेंगदू में 31वें वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स का आयोजन किया गया था,**जिसमें भारत ने वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में उच्चतम पदक संख्या के साथ 4 खेलों में कुल 26 पदक जीते** हैं।

- ये पदक खेलो इंडिया योजना और टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (TOPS) के एथलीटों द्वारा जीते गए हैं।
- यह गेम वर्ष 2021 में आयोजित किया जाना था लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण इसके आयोजन हेतु वर्ष निर्धारण में दो बार बदलाव करना पड़ा।

वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम:

- **परिचय:**
  - वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स, जिसे **"यूनिवर्सियाड" के नाम से भी जाना जाता है** , विशेष रूप से विश्वविद्यालय के एथलीटों के लिये एक अंतर्राष्ट्रीय बहु-खेल कार्यक्रम है।
  - इसका आयोजन **अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय खेल महासंघ (FISU) द्वारा** किया जाता है।
    - **FISU** एक शासी निकाय है जो **यूनिवर्सियाड कार्यक्रमों की देख-रेख और आयोजन करता है।** FISU मेज़बान शहरों के समन्वय के साथ यह सुनिश्चित करने के लिये ज़िम्मेदार है कि खेलों का आयोजन संगठन के सिद्धांतों और नियमों के अनुसार ही किया जाए।
  - यूनिवर्सियाड का आयोजन **प्रति दो वर्ष में किया जाता है,** साथ ही इसमें ओलंपिक खेलों की **एक विस्तृत शृंखला शामिल है।**
  - इसमें ग्रीष्मकालीन एवं शीतकालीन दोनों संस्करण शामिल हैं।
    - ग्रीष्मकालीन यूनिवर्सियाड में **आमतौर पर एथलेटिक्स, तैराकी, बास्केटबॉल, सॉकर आदि खेल** शामिल हैं।
    - जबकि विंटर यूनिवर्सियाड में **स्कीइंग, आइस हॉकी, फिगर स्केटिंग तथा अन्य खेल** शामिल हैं।
- **पिछला संस्करण:**
  - वर्ष 2019 में नेपल्स में आयोजित पिछले संस्करण में जापान प्रमुख राष्ट्र के रूप में उभरा, जिसने पदक तालिका में सर्वोच्च स्थान हासिल किया।
- **भविष्य की घटनाएँ:**
  - अगला शीतकालीन **वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स वर्ष 2025** में **जर्मनी** के **राइन-रुहर** में आयोजित किया जाएगा।

खेलो इंडिया योजना:

- **परिचय:**
  - खेलो इंडिया अर्थात् **'लेट्स प्ले इंडिया'** को वर्ष 2017 में भारत सरकार द्वारा ज़मीनी स्तर पर विद्यार्थियों के साथ जुड़कर**भारत की खेल संस्कृति को पुनर्जीवित** करने के लिये प्रस्तावित किया गया था।
    - इसे युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित किया जाता है।
  - इसके तहत **खेलो इंडिया यूथ गेम्स (KIYG), खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स (KIUG)** और खेलो इंडिया विंटर गेम्स को वार्षिक राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं के रूप में स्थापित किया गया, जहाँ क्रमशः राज्यों और विश्वविद्यालयों का प्रतिनिधित्व करने वाले युवाओं ने पदक के लिये प्रतिस्पर्द्धा की और अपने कौशल का प्रदर्शन किया।
- **उद्देश्य:**
  - यह योजना हाल के वर्षों में बहुत सफल रही है और जिन एथलीटों का वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स के लिये चयन किया गया है, वे देश की सर्वश्रेष्ठ युवा प्रतिभाओं में से हैं।
    - खेलो इंडिया योजना एक **प्रमुख सरकारी वित्तपोषित कार्यक्रम** है जिसका उद्देश्य भारत में **खेल प्रतिभाओं की पहचान करना और उनका पोषण करना है।**

नोट: ओलंपिक और पैरालंपिक में भारत के प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिये युवा मामले एवं खेल मंत्रालय (MYAS) ने सितंबर 2014 में टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम **(Target Olympic Podium Scheme- TOPS)** शुरू की। TOPS ने एथलीटों के प्रबंधन तथा समग्र सहायता प्रदान करने हेतु एक तकनीकी सहायता टीम स्थापित करने के लिये अप्रैल 2018 में इसे नया रूप दिया।

- TOPS प्रायोजित एथलीटों को 2016 के रियो ओलंपिक और 2018 के राष्ट्रमंडल खेलों में अपेक्षित सफलता मिली।

[स्रोत: पी.आई.बी.](#)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/world-university-games-2